मध्य रेल

भुसावल मंडल

# तापी

## त्रैमासिक ई-सूचना पत्र

अंक 2 जनवरी - मार्च 2012



# संदेश



प्रिय रेलकर्मी साथियो,

मुझे यह कहने में बहुत खुशी हो रही है कि मेरे कार्यकाल में त्रैमासिक ई-सूचना पत्र 'ताप्ती' का द्वितीय अंक प्रकाशित हो रहा है। आशा है कि मंडल के समस्त रेलकर्मियों तक अपनी बात पहुँचाने की दिशा में यह सूचना पत्र एक सशक्त माध्यम साबित होगा।

जनवरी से मार्च तक की अवधि के दौरान रेलकर्मियों और जनता की सुविधा के विस्तार के लिए हमने कई महत्त्वपूर्ण कार्यों को पूरा किया है और कई कार्यो का शुभारंभ भी किया है। हमें इस बात की भी खुशी है कि इस अवधि के दौरान मंडल पर कार्यान्वित महत्त्वपूर्ण गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी इस अंक में प्रस्तुत की जा रही है।

रेलवे को राष्ट्र की जीवन रेखा कहा जाता है। अत: हर रेलकर्मी को पूरे मन से समयपालन, संरक्षा और सुरक्षा के सिद्धांतों के प्रति समर्पित और निष्ठावान होने की जरूरत है। इन सिद्धांतों को अमल में लाने पर ही अपने सम्मानित ग्राहकों की आकांक्षाओं की कसौटी पर खरे उतर सकेंगे।

रेलवे का कार्य सामूहिक दायित्व की प्रकृति का है। इस दृष्टि से टीम वर्क के लिए टीम भावना का गुण होना बहुत जरूरी है। अत: हमें अपने दैनिक कार्य-व्यवहार में परस्पर सद्भाव और समन्वय बनाए रखना होगा।

मुझे अपने रेलकर्मी साथियों की सक्रियता और सहयोग पर पूरा भरोसा है। आप सभी के समर्पण एवं सहयोग से ही मंडल में विकास के नये - नये अध्याय लिखे जा सकते हैं। आप सभी मेरी शक्ति हैं। इन्हीं अपेक्षाओं के साथ मैं आप सभी को धन्यवाद और शुभकामनाएं देता हूँ।

**हेमन्त कटियार**
**मंडल रेल प्रबंधक**



# संदेश

मंडल द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक ई-सूचना पत्र का द्वितीय अंक आकर्षक कलेवर में आपको सौंपते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। 31 मार्च, 2012 को समाप्त तिमाही के दौरान मंडल की प्रगति के लिए संपन्न किए गए कार्यों के लेखे-जोखे के साथ यह अंक प्रकाशित किया गया है। मंडल की प्रगति की दिशा में हमें कई उपलब्धियां मिली हैं। हम अपनी कार्य योजनाओं की क्रियाशीलता पर दृढ संकल्पित हैं और सचेत भी।

इस तिमाही के दौरान कई निर्माण कार्य किए गए हैं जिनमें से भुसावल स्टेशन पर स्थित 'जन आहार' विशेष उल्लेखनीय है। रेलवे बोर्ड की मानक ड्राइंग के अनुसार इस 'जन आहार' को एक नया रूप दिया गया है जिसमें जनता के लिए सस्ते भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई है। यह कार्य यात्री सेवा के क्षेत्र में बहुत महत्त्वपूर्ण है। माननीय महाप्रबंधक, मध्य रेल ने अपने वार्षिक निरीक्षण के दौरान इस 'जन आहार' की सराहना की है। इस कार्य के लिए मंडल के इंजीनियरी विभाग को मैं बधाई देता हूँ।

यात्री सेवा और कर्मचारी कल्याण दोनों के लिए तन्मयता एवं तत्परता की जरूरत होती है। यात्रियों और अपने सहयोगियों के प्रति संवेदनशील होने पर ही मानवीय मूल्यों की रक्षा और कर्तव्य पालन की संतुष्टि संभव है। मानवीय मूल्यों की उच्च भावना स्थापित करने के लिए प्रत्येक रेलकर्मी के सहयोग और सकारात्मक सोच की आकांक्षा के साथ मैं मंडल के सभी रेलकर्मियों और उनके परिवारजनों को अपना सद्भाव बनाए रखने के लिए धन्यवाद देता हूँ।

**प्रदीप बारापात्रे**
**अपर मंडल रेल प्रबंधक**
**एवं**
**अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी**

# संपादकीय

त्रैमासिक ई-सूचना पत्र 'ताप्ती' का प्रवेशांक अत्यंत उत्साहवर्धक रहा। अब हम इसका द्वितीय अंक प्रकाशित कर रहे हैं। इस अंक में मंडल के विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों के साथ ही 'आपके लिए' शीर्षक के अंतर्गत रेल यात्रियों के लिए "रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना" की जानकारी भी दी जा रही है ताकि सुधी पाठक वृंद इस पुरस्कार योजना का लाभ उठा सकें। इस सूचना पत्र को रोचक, लोकप्रिय और उपयोगी बनाने में हमें प्रतिक्रियात्मक सहयोग दें। आपकी प्रतिक्रिया हमारा पथ प्रशस्त करेगी।

इसी आशा एवं विश्वास के साथ हमारे मंडल का त्रैमासिक ई-सूचना पत्र 'ताप्ती' आपके समक्ष प्रस्तुत है।

**राम प्रसाद शुक्ल**
**राजभाषा अधिकारी एवं संपादक**

**मंडल के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को**
**विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी, 2012**
**के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।**

# तिमाही गतिविधियां



माननीय श्री सुबोध जैन, महाप्रबंधक, मध्य रेल और श्री हेमन्त कटियार, मंडल रेल प्रबंधक, भुसावल
दि.20-01-2012 को वार्षिक निरीक्षण करते हुए



माननीय श्री हेमन्त कटियार, मंडल रेल प्रबंधक, भुसावल
दि. 26.01.2012 को परेड निरीक्षण करते हुए




अकोला स्टेशन पर दि. 20.02.2012 को आयोजित हिंदी कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए
श्री राम प्रसाद शुक्ल, राजभाषा अधिकारी, भुसावल



श्री प्रदीप बारापात्रे, अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी, भुसावल. (दाईं ओर)
दि.16.03.2012 को आयोजित हिंदी डिक्टेशन कार्यशाला में अधिकारियों को मार्गदशन करते हुए

# मंडल पर राजभाषा कार्यान्वयन

## जनवरी 2012

- माह के दौरान भुसावल स्टॅशन, मुख्य यार्ड मास्टर, भुसावल और बुरहानपुर स्टेशन पर गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकें आयोजित की गईं जिसमें राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा सभी सदस्यों को हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी जानकारी दी गई तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई।

- इस माह में राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी 05 निरीक्षण किए गए।

- मध्य रेल के माननीय महाप्रबंधक श्री सुबोध जैन द्वारा भुसावल मंडल के खंडवा-भुसावल सेक्शन का दिनांक 24.01.2012 को वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बुरहानपुर स्टेशन पर राजभाषा प्रदर्शनी लगाई गई थी। महाप्रबंधक के वार्षिक निरीक्षण टीम में शामिल विभागाध्यक्षों ने राजभाषा प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की।

- मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के अधिकारियों की अध्यक्षता में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट-2005, डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व की कार्यप्रणाली एवं इसके दोष, आईओएच रिपेयर के दौरान क्वालिटी ऑडिट चेक तथा चक्के पर लगने वाले झटकों को नापने का यंत्र विषयों पर तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं ने अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए। उक्त संगोष्ठियों में 158 कर्मचारियों ने भाग लिया।

## फरवरी 2012

- माह के दौरान मनमाड, बडनेरा, खंडवा, जलगांव, चालीसगांव, नासिकरोड, मुर्तिजापुर, अकोला और शेगांव स्टॅशनों में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकें आयोजित की गईं जिसमें राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा सभी सदस्यों को हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी जानकारी दी गई तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई।

- इस माह में राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी 03 निरीक्षण किए गए।

- स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अकोला स्टेशन द्वारा स्टेशन पर कार्यरत तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों के लिए 05 दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 29 कर्मचारियों ने भाग लिया। हिंदी कार्यशाला के समापन समारोह के अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री प्रदीप बारापात्रे द्वारा कार्यशाला में शामिल कर्मचारियों को प्रमाण पत्र तथा सहायक साहित्य के रूप में पॉकेट अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोश प्रदान किए गए।

- मंडल कार्यालय के विभिन्न शाखाओं के हिंदी में प्रवीण 09 अधिकारियों को अपना कार्यालयीन काम शत-प्रतिशत हिंदी में करने के लिए माननीय मंडल रेल प्रबंधक श्री हेमन्त कटियार द्वारा व्यक्तिश: आदेश जारी किए गए।

- मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के अधिकारियों की अध्यक्षता में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में एम्प्टी लोड बॉक्स तथा एलसीडी की कार्यप्रणाली, नियंत्रित निकास टॉयलेट की कार्यप्रणाली, सीबीसी ड्राफ्ट गियर के पुर्जों के फेल होने के कारण तथा उसे रोकने के उपाय, कोचिंग ट्रैन के प्रायमरी मेंटीनेन्स के दौरान ली जाने वाली सावधानियां विषयों पर तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं ने अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए। उक्त संगोष्ठियों में 144 कर्मचारियों ने भाग लिया।

## मार्च 2012

- माह के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति एमओएच शेड, भुसावल की बैठक आयोजित की गई जिसमें राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी जानकारी सभी सदस्यों को दी गई तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा की गई।

- इस माह में राजभाषा अधिकारी, भुसावल द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग संबंधी 02 निरीक्षण किए गए।

- मंडल कार्यालय में अधिकारियों के लिए दि.16-03-2012 को हिंदी डिक्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 10 अधिकारियों को हिंदी डिक्टेशन संबंधी मार्गदर्शन किया गया।

- मंडल कार्यालय के यांत्रिक शाखा के अधिकारियों की अध्यक्षता में बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र (सवारी तथा मालडिब्बा), भुसावल में एअर स्प्रिंग के फायदे एवं विस्तृत जानकारी, एअर ब्रेक ट्रेनों में ट्रबलशूटिंग "कोचिंग", एलएचबी तथा हायब्रिड कोच की विस्तृत जानकारी, एअर ब्रेक ट्रेनों में ट्रबलशूटिंग "गुड्स" तथा सीबीसी स्टॉक में ट्रेन पार्टिंग के कारण तथा उपाय विषयों पर तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया जिसमें सभी वक्ताओं ने अपने आलेख हिंदी में प्रस्तुत किए। उक्त संगोष्ठियों में 312 कर्मचारियों ने भाग लिया।

- माननीय मंडल रेल प्रबंधक एवं मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष श्री हेमन्त कटियार की अध्यक्षता में मंडल समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें मंडल कार्यालय के सभी शाखा अधिकारी, स्टेशन समितियों के पदेन अध्यक्ष एवं स्टेशन प्रबंधक उपस्थित हुए। मंडल पर राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में माननीय मंडल रेल प्रबंधक द्वारा बहुमूल्य सुझाव दिए गए।

- मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित त्रैमासिक ई-सूचना पत्र ताप्ती का मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के दौरान समिति के अध्यक्ष श्री हेमन्त कटियार के कर-कमलों द्वारा लोकार्पण किया गया तथा उसे दिनांक 22.03.2012 को मध्य रेल की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

# कार्मिक शाखा

- ## प्रणाली सुधार / नवीकरण छुट्टी वेतन की गणना

‘प्राइम’ प्रोग्राम के माध्यम से सेवा निवृत्त कर्मचारियों के छुट्टी वेतन की गणना परीक्षण के आधार पर माह दिसंबर, 2011 में सफलतापूर्वक संपन्न की गई। प्रोग्रामिंग के सकारात्मक परिणाम के फलस्वरूप इस प्रणाली को माह जनवरी, 2012 से मंडल पर शुरू किया गया।

- ## प्राइम कनेक्टिविटी

निधि की कमी के कारण कर्मचारियों के यात्रा भत्ता व्यय में किफायत बरतने के लिए मंडल पर रोड साइड स्टेशनों को कवर करने हेतु माह फरवरी, 2012 से बडे स्टेशनों अर्थात नासिकरोड, मनमाड, चालीसगांव, अकोला और खंडवा पर ‘प्राइम’ टर्मिनलों की व्यवस्था की गई ताकि इन टर्मिनलों पर एआरडी चेंज कार्ड की फीडिंग की जा सके और मंडल कर्यालय, भुसावल से केवल पेशीट की प्रिटिंग ली जा सके। इससे यात्रा भत्ता और समय दोनों की बचत हुई है ।

- ## गणतंत्र दिवस

मंडल के रेलवे खेलकूद मैदान पर 26 जनवरी, 2012 को 63वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माननीय मंडल रेल प्रबंधक श्री हेमन्त कटियार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। रेल सुरक्षा बल बैंड द्वारा राष्ट्र गीत की धुन का वादन किया गया। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने मंडल सुरक्षा आयुक्त और परेड कमांडर के साथ खुली जीप से परेड का अवलोकन किया। मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने सभी उपस्थित रेलकर्मियों को “महाप्रबंधक का संदेश” पढकर सुनाया। समारोह के अंत में मध्य रेल सांस्कृतिक अकादमी द्वारा राष्ट्र भक्ति गीतों की प्रस्तुति की गई।

- ## शहीद दिवस

मुख्यालय तथा रेलवे बोर्ड के निदेशानुसार मंडल के सभी बडे स्टेशनों और डिपो कार्यालयों में दि.30.01.2012 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत की स्मृति में 11.00 बजे से 11.02 बजे तक 02 मिनट का मौन रखते हुए शहीद दिवस मनाया गया।

**हिंदी राष्ट्रीय एकता की कडी है।**

पंडित जवाहर लाल नेहरू

# वाणिज्य शाखा

- **माल लदान**

मंडल द्वारा दिनांक 10.01.2012 को 703 मालडिब्बों में माल लदान का कार्य पूरा किया गया जिससे रेल राजस्व में 3.25 करोड रुपये का अर्जन हुआ। मंडल द्वारा माल लदान और राजस्व अर्जन दोनों क्षेत्रों में एक नया रिकार्ड बनाया गया। भुसावल मंडल के इतिहास में यह अब तक का किसी भी एक दिन में माल लदान का सर्वोत्कृष्ट कार्यनिष्पादन है।

- **महाप्रबंधक का वार्षिक निरीक्षण**

मध्य रेल के प्रमुख विभागाध्यक्षों सहित माननीय महाप्रबंधक, श्री सुबोध कुमार जैन द्वारा 24 जनवरी, 2012 को खंडवा-भुसावल खंड का वार्षिक निरीक्षण किया गया। आपने बुरहानपुर स्टेशन पर नए सिरे से निर्मित 'वीआईपी कक्ष' तथा भुसावल स्टेशन पर स्थित 'जन आहार' की प्रशंसा की है।

- **बुरहानपुर स्टेशन पर वीआईपी विश्राम कक्ष**

बुरहानपुर स्टेशन पर वीआईपी विश्राम कक्ष का निर्माण किया गया और उसमें अच्छे गुणवत्ता वाले फर्नीचरों की व्यवस्था की गई है। महाप्रबंधक, मध्य रेल के कर-कमलों द्वारा 24 जनवरी, 2012 को इस विश्राम कक्ष का उद्घाटन किया गया।

- **जन आहार**

भुसावल स्टेशन पर स्थित जन आहार को मानक ड्राइंग के अनुसार नये सिरे से पूर्ण रूप से विकसित करके उसमें दि. 24.01.2012 से जनता के लिए भोजन की सुविधा शुरू की गई जो यात्री सेवा के क्षेत्र में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।

- **नासिकरोड स्टेशन पर पे एंड पार्क की सुविधा**

नासिकरोड स्टेशन परिसर में भीड कम करने के लिए चार पहिये वाले वाहनों हेतु नई जगह पर पे एंड पार्क की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

- **सदस्य विद्युत, रेलवे बोर्ड का आगमन**

माननीय सदस्य विद्युत, रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली श्री कुलभूषण ने 06 फरवरी, 2012 को मनमाड और भुसावल स्टेशनों का निरीक्षण किया।

- **प्रकट दिन**

शेगांव में 14 फरवरी, 2012 को श्री संत गजानन महाराज का प्रकट दिन त्यौहार संपन्न हुआ। इस त्यौहार के दौरान शेगांव स्टेशन पर पीने के पानी, खान-पान और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई।

- **संसद सदस्यों की बैठक**

नागपुर में 01 मार्च, 2012 को भुसावल और नागपुर के संसद सदस्यों के साथ माननीय महाप्रबंधक, मध्य रेल, श्री सुबोध कुमार जैन की बैठक आयोजित की गई जिसमें जनता से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा की गई।

- **नई गाडी की शुरुआत**

मनमाड स्टेशन पर 10 मार्च, 2012 को माननीय सांसद श्री हरिश्चंद्र चव्हाण और श्री समीर भुजबल द्वारा एक नई गाडी 12202 राज्य रानी एक्सप्रेस (मनमाड-लोकमान्य तिलक टर्मिनल) को हरी झंडी दिखाकर गाडी शुरू किया गया।

- **जेटीबीएस की शुरुआत**

मंडल के मनमाड स्टेशन पर दिनांक 23.03.2012 को एक नया जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक सुविधा की शुरुआत की गई।

- **यूटीएस-कम-पीआरएस सुविधा**

मंडल के बोदवड स्टेशन पर दिनांक 27.03.2012 को यूटीएस कम पीआरएस शुरू किया गया।

# हिंदी में काम करना आसान है, आप शुरू तो कीजिए।

# संरक्षा शाखा

- बीटीसी (सतथामा), भुसावल में मुख्य अनुदेशक की अध्यक्षता में दिनांक 07.01.2012 को आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 46 कर्मचारी उपस्थित थे।

- मनमाड स्टेशन पर दिनांक 08.01.2012 को संरक्षा सलाहकार (लोको) की अध्यक्षता में लोड से लोको अलग करते समय 1/3 वैगनों को हाथ ब्रेक लगाना, स्किड लगाना, चेन और पैडलॉक सहित बाइंडिंग करते हुए लोड की सुरक्षा करने, शंटिंग के दौरान हाथ सिगनल झंडी/ तीन रंगों वाली ट्रॉर्च  का उपयोग करने, लोड पर लोको जोडते समय 20 मीटर पहले लोको अनिवार्य रूप से स्टॉप करने, अन सिगनल्ड शंटिंग मूवमेंट के दौरान शंटिंग करने से पहले फेसिंग और ट्रेलिंग प्वाइंट अवश्य क्लैम्प करने, थ्रू जाने वाली गाडियों का हॉट एक्सल, धुआं, आग, अपसामान्य आवाज, लटकने वाले पार्ट, वैगनों के खुले दरवाजे और टेल बोर्ड का अवलोकन करने आदि विषयों पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 09 कर्मचारी उपस्थित थे।

- पाचोरा और जलगांव स्टेशनों पर दिनांक 14.01.2012 को संरक्षा सलाहकार (सि.एवं दू.) की अध्यक्षता में रेलवे बोर्ड के दि.11.01.2012 के पत्र संख्या के अनुसार ‘लोड स्टेबल करना’ विषय पर  सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 10 कर्मचारी उपस्थित थे।

- बीटीसी (सतथामा), भुसावल में दिनांक 14.01.2012 को मुख्य अनुदेशक की अध्यक्षता में ‘डीवी के मुख्य कार्य और उसकी खराबियां’ विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जिसमें 36 कर्मचारी उपस्थित थे।

- बडनेरा में दिनांक 21.01.2012 को संरक्षा सलाहकार (लोको) की अध्यक्षता में रेलवे बोर्ड के दि.11.01.2012 के पत्र संख्या के अनुसार ‘लोड स्टेबल करना’ विषय पर  सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 16 कर्मचारी उपस्थित थे।

- बीटीसी (सतथामा), भुसावल में दिनांक 21.01.2012 को मुख्य अनुदेशक की अध्यक्षता में ‘आईओएच के दौरान गुणवत्ता ऑडिट जांच’ विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 39 कर्मचारी उपस्थित थे।

- नांदगांव और पिपरखेडा स्टेशनों पर दिनांक 27.01.2012 को संरक्षा सलाहकार (लोको) अध्यक्षता में रेलवे बोर्ड के दि.11.01.2012 के पत्र संख्या के अनुसार ‘लोड स्टेबल करना’ विषय पर  सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 10 कर्मचारी उपस्थित थे।

- मनमाड स्टेशन पर दिनांक 29.01.2012 और 30.01.2012 को संरक्षा सलाहकार (लोको) अध्यक्षता में ‘एसपीएडी टालने के बारे में’ सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 120 कर्मचारी उपस्थित थे।

- डीटीसी (इंजीनियरी), भुसावल में दिनांक 04.02.2012 को संरक्षा सलाहकार (इंजीनियरी) की अध्यक्षता में 'रेल ब्रेकेज' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 21 कर्मचारी उपस्थित थे।

- बीटीसी (सतथामा), भुसावल में दिनांक 04.02.2012 को मुख्य अनुदेशक की अध्यक्षता में 'एम्पटी/लोड बॉक्स और बीएलसी वैगनों में एलएसडी का मुख्य कार्य' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 29 कर्मचारी उपस्थित थे।

- चालीसगांव स्टेशन पर दिनांक 09.02.2012 को संरक्षा सलाहकार (सि.एवं दू.) की अध्यक्षता में 'सिगनल एवं दूरसंचार गियरों का अनुरक्षण' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 15 कर्मचारी उपस्थित थे।

- बीटीसी (सतथामा), भुसावल में दिनांक 18.02.2012 को मुख्य अनुदेशक की अध्यक्षता में 'सीबीसी ड्राफ्ट गियर कंपोनेन्ट्स विफलता के कारण और उपाय' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया जिसमें 20 कर्मचारी उपस्थित थे।

- एटीटीएस, भुसावल में दिनांक 25.02.2012 को संरक्षा सलाहकार (यातायात) की अध्यक्षता में 'लोड स्टेबल करने की सही प्रक्रिया और शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 20 कर्मचारी उपस्थित थे।

- ओएचई टॉवर वैगन, भुसावल में दिनांक 23.02.2012 को संरक्षा सलाहकार (टीआरडी) की अध्यक्षता में 'ओएचई पर कार्य करने के नियम' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 13 कर्मचारी उपस्थित थे।

- नांदगांव स्टेशन पर दिनांक 22.03.2012 को संरक्षा सलाहकार (यातायात्) की अध्यक्षता में 'स्टेबल लोड की सुरक्षा और शंटिंग पूर्वोपाय' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 11 कर्मचारी उपस्थित थे।

- डीटीसी/ लोको में संरक्षा सलाहकार (लोको) की अध्यक्षता में दिनांक 28.03.2012 को 'निकटवर्ती लाइन पर गाडी के साथ हाथ सिगनल अदान-प्रदान करते समय अवलोकन किए जाने वाले मदों, गाडी को झटके लगने के मामले में गाडी कर्मियों के कर्तव्य तथा साधारण एवं सहायक नियम (जीआर 4.50) के अनुसार सीटी कूट संकेत' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 21 कर्मचारी उपस्थित थे।

- एटीटीएस/ भुसावल में संरक्षा सलाहकार (सि. एवं दू.) की अध्यक्षता में दिनांक 28.03.2012 को 'हॉट एक्सल और फ्लैट टायर के लक्षण' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 16 कर्मचारी उपस्थित थे।

- बीटीसी(सतथामा), भुसावल में संरक्षा सलाहकार (सतथामा) की अध्यक्षता में दिनांक 30.03.2012 को 'हॉट एक्सल की रोकथाम, ट्रेन पार्टिंग की रोकथाम और ब्रेक बाइडिंग के कारण एवं उपाय' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें 07 कर्मचारी उपस्थित थे।

## विद्युत (टीआरओ) शाखा

- जनवरी से मार्च की अवधि के दौरान मंडल पर रनिंग कर्मचारियों द्वारा गाडी संचालन के दौरान विभिन्न अपसामान्य घटनाओं से ट्रेन को बचाने का विशेष सराहनीय कार्य किया गया है। कर्तव्य के प्रति समर्पित और निष्ठावान इन कर्मचारियों को मंडल द्वारा सम्मानित किया गया है -

  श्री ए.एल.यादव, लोको पायलट/गुड्स; श्री एम.आई.राणे, सहायक लोको पायलट; श्री हरिदास नागंवशी, लोको पायलट/गुड्स; श्री एम.के.गुप्ता, सहायक लोको पायलट; श्री के.एन.सिंह, लोको पायलट/मेल; श्री एन.ओ.शर्मा, सहायक लोको पायलट; श्री एन.ई.फालक, लोको पायलट/मेल; श्री श्रीकांत सेवान, सहायक लोको पायलट; श्री आर.के.नायर, लोको पायलट गुड्स; श्री मधुर पी., सहायक लोको पायलट; श्री एस.जी.पराते, लोको पायलट गुड्स; श्री एन.एस.भागवत, सहायक लोको पायलट; श्री एच.डी.नागवंशी, लोको पायलट गुड्स; श्री एम.बी.कनोजिया, सहायक लोको पायलट; श्री मंसूरी ए., लोको पायलट/पैसेंजर; श्री दिपक गावंडे, सहायक लोको पायलट; श्री एस.आर.ठोसर, लोको पायलट/गुड्स; श्री सुधीर सिंह, सहायक लोको पायलट; श्री एस.एस.भटकर, लोको पायलट/गुड्स; श्री संजीव भारती, सहायक लोको पायलट; श्री विनय तिर्की, लोको पायलट/गुड्स; श्री के.जी.राज, सहायक लोको पायलट; श्री आर.के.शर्मा, लोको पायलट मेल; श्री आई.डी.पाटील, सहायक लोको पायलट; श्री एस. पी. भाखरे, लोको पायलट/मेल; श्री ए.के.यादव, सहायक लोको पायलट; श्री एस.पी.पाटील, लोको पायलट/गुड्स; श्री एस.आर.ठोसर; लोको पायलट/गुड्स; श्री एम.जे.कोल्हे, लोको पायलट/ गुड्स; श्री एन.बी.प्रजापती, सहायक लोको पायलट; श्री आर.सी.मीणा, लोको पायलट गुड्स और श्री दीपक गावंडे, सहायक लोको पायलट, भुसावल मंडल।

# हिंदी हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक व्यवहार में आने वाली भाषा है।

महापंडित राहुल सांकृत्यायन

# महिला समाज सेवा समिति

- ताप्ती क्लब में 19 जनवरी, 2012 को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ हल्दी कुम-कुम का आयोजन किया गया जिसमें महिला समाज सेवा समिति की सदस्यों और केंद्र की महिला कर्मचारियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर केंद्र की महिलाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

- महिला समाज सेवा समिति स्कूल के छात्रों और मध्य रेलवे अस्पताल, भुसावल के मरीजों को 26 जनवरी, 2012 को मिठाइयां तथा बिस्किट वितरित किए गए।

- गणतंत्र दिवस के अवसर पर तकनीकी और मेडिकल पाठ्यक्रम अर्थात बी.ई., एमबीबीएस., बी.एड., आदि उच्च शिक्षा ले रहे 20 छात्रों को गुणवत्ता के आधार पर प्रत्येक को 5000-5000 रुपये की स्कॉलरशिप प्रदान की गई।

- **वार्षिक निधि में वृद्धि:** वार्षिक निधि में वृद्धि करने के उद्देश्य से महिला समाज सेवा समिति द्वारा दि.11-02-2012 से 12-02-2012 तक रेल मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उदघाटन मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने किया और इस अवसर पर 'स्मारिका' का विमोचन भी किया गया। इस मेले में महिला समाज सेवा समिति की सदस्यों द्वारा भिन्न-भिन्न स्टाल लगवाकर लाभ अर्जित किया गया। ठेके के आधार पर स्टाल आबंटित करते हुए बच्चों के लिए विशाल झूला , ब्रेक डांस, मेरी गो राउंड और मिकी माउस की व्यवस्था की गई और बाहरी स्रोतों से अर्जन किया गया।

- रेलवे खेलकूद मैदान भुसावल पर महिला समाज सेवा समिति के छात्रों ने अपने वार्षिक खेलकूद के अवसर पर 09 मार्च, 2012 को रंगारंग कार्यक्रम का प्रदर्शन किया।

- सीआरएमएस चालिसगांव शाखा में दिनांक 13-01-2012 को तथा एन आर एम यू जेड आर टी आई शाखा में दिनांक 10-02-2012 को आयोजित महिला दिवस समारोह के अवसर पर महिला समाज सेवा समिति द्वारा सभी महिला कर्मचारियों को उपहार दिए गए।

- महिला समाज सेवा समिति द्वारा ताप्ती क्लब, भुसावल की रसोई के लिए बर्तन और क्रॉकरी प्रदान की गई।

- श्री प्रांजल कुलकर्णी को उनकी माताजी के अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहायता दी गई।

# आपके लिए

## रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना (वर्ष 2012)

इस योजना के अंतर्गत हिंदी में लिखित सर्वोत्तम प्रथम 03 वृत्तांतों के विजेताओं को निम्नलिखित नकद पुरस्कार दिए जाने का प्रावधान है :

- प्रथम पुरस्कार (एक) **4000/- रुपये**
- द्वितीय पुरस्कार (एक) **3000/- रुपये**
- तृतीय पुरस्कार (एक) **2000/- रुपये**

रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत इस प्रकार है:

1. **प्रतियोगिता का विषय:** रेल यात्रा वृत्तांत.

2. **पुरस्कार का विवरण:** पुरस्कार अखिल रेल राजभाषा सप्ताह समारोह अथवा अन्य उपयुक्त अवसर पर प्रदान किए जाएंगे।

3. **प्रस्तुतीकरण:** यात्रा वृत्तांत कागज के एक ओर डबल स्पेस में टाइप होना चाहिए जिसके चारों तरफ कम से कम एक इंच का हाशिया छोडा गया हो। यात्रा वृत्तांत कम से कम 3000 शब्दों में हो। यात्रा वृत्तांत के प्रारंभ में कागज की एक पूरी शीट लगाई जाए जिस पर बडे अक्षरों में निम्नलिखित विवरण अंकित किए जाएं :

| | | |
|---|---|---|
| I. | शीर्षक: | रेल यात्रा वृत्तांत |
| II. | उप शीर्षक: | लेखक द्वारा दिया गया शीर्षक |
| III. | नाम: | |
| IV. | पदनाम: | |
| V. | आयु: | |
| VI. | पता: | कार्यालय:<br>निवास: |
| VII. | मातृभाषा: | |
| VIII. | दूरभाष / मोबाइल: | |

4. **पात्रता:** कोई भी भारतीय इस प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

5. **यात्रा वृत्तांत भेजने की अंतिम तारीख:** 31-07-2012.

6. **यात्रा वृत्तांत की संख्या:** प्रत्येक प्रतियोगी केवल एक यात्रा वृत्तांत 2 प्रतियों में प्रस्तुत करेगा। यात्रा वृत्तांत हिंदी में और मौलिक होना चाहिए।

7. **यात्रा वृत्तांतों का चयन:** जिन वृत्तांतों को भारत सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन की किसी योजना के अधीन एक बार पुरस्कार दिया जा चुका हो, उन्हें इस योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। इसके लिए लेखक को प्रमाण-पत्र देना होगा कि उसके लेख को किसी अन्य योजना के अंतर्गत पुरस्कृत नहीं किया गया है।

   7.1 पुरस्कार प्रदान किए जाने या पुरस्कार के लिए चयन की प्रक्रिया के बारे में कोई पत्र–व्यवहार नहीं किया जाएगा।

   7.2 यह पुरस्कार हर वर्ष दिया जाता है, परंतु यदि किसी वर्ष के लिए प्राप्त वृत्तांत पुरस्कार के लिए उपयुक्त नहीं पाए गए तो उस वर्ष पुरस्कार नहीं दिए जाएंगे।

# रक्तदान महादान

**1. सीआरएमएस, चालीसगांव शाखा द्वारा दिनांक 13.01.2012 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 104 कर्मचारियों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को महिला समाज सेवा समिति द्वारा उपहार दिए गए।**

**2. एनआरएमयू, भुसावल शाखा द्वारा दिनांक 10.02.2012 को जेडआरटीआई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 155 कर्मचारियों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को महिला समाज सेवा समिति द्वारा उपहार दिए गए।**

# जयंती

आर ओ एच डिपो, अधिकारी क्लब “ताप्ती”, बीटीसी (स. तथा मा.) लोको शेड, तथा एटीटीएस भुसावल में हिंदी साहित्य के निम्नलिखित साहित्यकारों के नाम पर हिंदी पुस्तकालय एवं वाचनालय खोले गए हैं। हिंदी पुस्तकालयों को अधिक से अधिक उपयोगी बनाने की दृष्टि से मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा इन महान साहित्यकारों की जयंतियां मनाई गई तथा उनकी रचनाओं से रेलकर्मियों को अवगत कराने के साथ-साथ उन्हें पढने के लिए प्रेरित किया गया।



रांगेय राघव
17 जनवरी,1923



बाबू जयशंकर प्रसाद
30 जनवरी,1889



महादेवी वर्मा
26 मार्च,1907



भवानी प्रसाद मिश्र
29 मार्च,1913

*हिंदी साहित्य के इन महान सपूतों की जयंती पर राजभाषा विभाग श्रध्दा सुमन अर्पित करता है।*

| संरक्षक | मार्गदर्शन | संपादन | सहयोग | संपर्क सूत्र |
|---|---|---|---|---|
| हेमंत कटियार<br>मंडल रेल प्रबंधक | प्रदीप बारापात्रे<br>अपर मंडल रेल प्रबंधक<br>एवं<br>अपर मुराधि | राम प्रसाद शुक्ल<br>राजभाषा अधिकारी | राजभाषा विभाग,<br>तकनीकी सहायक,<br>(सामान्य प्रशासन) | रेलवे<br>**55010 / 55015**<br>भा सं नि लि<br>**02582 - 223827** |



*मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, राजभाषा विभाग, मध्य रेल, भुसावल द्वारा केवल सरकारी उपयोग हेतु प्रकाशित*